न्यायालय सहायक कलक्टर मुण्डावर अलवर राज0

पीठासीन अधिकारी :– पंकज बडगूजर (R.A.S.)

दावा संख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
210 / 2022	04.11.2022	02.01.2023

/ / उनवान / /

1 चौधरी चरणसिंह विकास समिति परगना जिन्दोली तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0 जर्ये अध्यक्ष धर्मसिंह पुत्र सुल्तानसिंह जाति जाट निवासी पेहल तहसील मुण्डावर, अलवर।

:– वादी

बनाम

1 विजय कुमार पुत्र छतरसिंह जाति जाट निवासी एल–95 महिपालपुर नई दिल्ली।

2 श्रीमान तहसीलदार महोदय मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

:– प्रतिवादीगण

दावा – इश्तकरारहक मय दुरूस्ती इन्द्राज

उपस्थितिः– श्री गंगाराम पटेल – वकील वादी

निर्णय

दिनांक– 02.01.2023

आज यह पत्रावली सुनाये जाने आदेश पेश हुई। वकील वादी उपस्थित आये। वादी के वाद का सारतः रहा कि हाल आराजी ख0नं0 2341 / 2452 / 0.60, 2341 / 2448 / 0.82 है0 वाके ग्राम ततारपुर तहसील मुण्डावर में स्थित होकर प्रतिवादी सं0 1 के कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है। मिनवादी ने प्रतिवादी से 0.25 है0 जमीन चौधरी चरणसिंह विकास समिति परगना जिन्दोली के नाम जरिये बयनामा ख0नं0 2341 / 2448 में से खरीद किया था और मौके पर वक्त खरीद से ख0नं0 2341 / 2448 के उत्तर पश्चिम के हिस्से पर काबिज होकर वादी उपयोग और उपभोग कर रहा है। बयनाम कराते समय सहवन से आईपिस्ट की टैक्नीकल मिस्टेक से ख0नं0 2341 / 2448 की जगह ख0नं0 2341 / 2452 दर्ज कर दिया और उस बयनामे के आधार पर इन्तकाल भी दर्ज हो गया जो सहवन से टाईपिस्ट की गलती से हुआ है जबकि मिनवादी ने बयनामा ख0नं0 2341 / 2448 में से रकबा 0.25 है0 का कराया था और ख0नं0 2341 / 2448 पर ही काबिज है तथा मिनवादी का आराजी ख0नं0 2341 / 2452 से कोई संबंध व सरोकार नहीं है ना ही कब्जा है तथा सहवन से बयनामा लिखते समय लिखे गये गलत खसरा नम्बरान में को दुरूस्त करवाने का मिनवादी अधिकारी है अंकित करते हुये वाद वादी विरूद्ध प्रतिवादीगण निम्न प्रकार डिक्री फरमाया जावे कि हाल आ0ख0नं0 2341 / 2448 में से 0.25 है0 वाके ग्राम ततारपुर तहसील मुण्डावर से प्रतिवादी सं0 1 का नाम हजफ किया जाकर मिनवादी को खातेदार घोषित किया जावे एवं हाल ख0नं0 2341 / 2452 में से 0.25 है0 वाके ग्राम ततारपुर में मिनवादी के नाम दर्ज खातेदारी को हजफ किया जाकर प्रतिवादी सं0 1 के नाम खातेदारी दर्ज की जावे का निवेदन रहा।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर बाद विधिवत तलबी प्रतिवादी सं0 1 की ओर से जरिये अधिवक्त जवाब इकबाल पेश हुआ जिसके मुताबिक वाद वादी डिक्री किया जावे मिनवादी प्रतिवादी को कोई एतराज नहीं है अंकित कर पेश किया गया है जो शामिल पत्रावली है।

वादी ने अपने वादपत्र की ताईद में नकल जमाबंदी सम्वत् 2071–74 प्रदर्श–1, नकल खसरा गिरदावरी सम्वत् 2079 प्रदर्श–2 व 3 एवं नकल नक्शा ट्रेस प्रदर्श–4

सहायक कलक्टर
मुण्डावर (अलवर) राज0

पेश किये एवं मौखिक साक्ष्य स्वरूप शपथपत्र धर्मसिंह पीडब्ल्यू–1 पेश किये जो शामिल पत्रावली है।

वकील वादी की बहस सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने वादपत्र के जिम्मनों को दौहराते हुये वादपत्र की ताईद में नकल जमाबंदी सम्वत् 2071–74 प्रदर्श–1, नकल खसरा गिरदावरी सम्वत् 2079 प्रदर्श–2 व 3 एवं नकल नक्शा ट्रेस प्रदर्श–4 पेश किये एवं मौखिक साक्ष्य स्वरूप शपथपत्र धर्मसिंह पीडब्ल्यू–1 पेश किया जाना एवं प्रस्तुत दस्तावेजात के माध्यम से वादी के द्वारा वादपत्र को सुसंगत दस्तावेजात से साबित कर दिये जाने की स्थिति में वादी के वाद को डिक्री किये जाने का अभिकथन किया।

वकील वादी की ध्यानपूर्वक बहस सुनी गई। पत्रावली व पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजात के अवलोकन उपरांत उपरोक्त विवेचन के आधार पर वादी के वाद को यह न्यायालय स्वीकार योग्य पाता है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर वादी के वाद को स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में हाल आ0ख0नं0 2341/2452/0.60, 2341/2448/0.82 है0 वाके ग्राम ततारपुर तहसील मुण्डावर जिला अलवर के बाबत के वादी के वाद को डिक्री किया जाता है एवं खसरा नम्बर 2341/2448 में से 0.25 है0 की हद तक प्रतिवादी सं0 1 के नाम को हजफ किये जाने के आदेश दिये जाते हैं एवं उसके स्थान पर वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है तथा हाल आराजी खसरा नम्बर 2341/2452 में से 0.25 है0 की हद तक वादी के नाम को हजफ किये जाने के आदेश दिये जाते हैं एवं उसके स्थान पर प्रतिवादी संख्या 1 को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है एवं पूर्व में उक्तनुसार बयनामा के आधार पर हुये दर्ज इन्तकाल के प्रभाव को शून्य घोषित किया जाता है। उक्तानुसार ही हाल राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद किया जावे। तदानुसार पर्चा डिक्री जारी हो।

खर्चा मुकदमा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

यह निर्णय आज दिनांक **02.01.2023** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

02-01-2023

(पंकज बडगूजर)
न्यायालय सहायक कलक्टर
मुण्डावर अलवर, राज0

सहायक कलक्टर
मुण्डावर (अलवर) राज0